फर्द अहकाम

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी जमवारामगढ, जिला जयपुर

नान्छा वगै0 बनाम सरकार वगै0

मा संख्या : 88 / 2018

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
09.06.2025	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थीगण उपस्थित। पत्रावली आदेश में विचाराधीन है। पत्रावली का अवलोकन किया गया तथा वकील प्रार्थीगण की बहस का मनन किया गया। वकील प्रार्थीगण ने अपनी बहस मे प्रार्थना पत्र मे अंकित बिन्दूओं को दौहराते हुए निवेदन किया कि वादग्रस्त भूमि खसरा नम्बर 97, 98, 103 ग्राम बिसौरी तहसील जमवारामगढ जिला जयपुर में स्थित है। खसरा नम्बर 97, 98, 103 पुराने खसरा नम्बर 52 से बना है। हाल किये गये सेटलमेंट में खसरा नम्बर 97 रकबा 0.39है0 किस्म चाही 3, खसरा नम्बर 98 रकबा 0.02है0 किस्म गै0मु0रास्ता, खसरा नम्बर 103 रकबा 0.06है0 किस्म गै0मु0स्कूल दर्ज कर प्रार्थीगण के नाम खातेदारी में दर्ज कर दी गई है जबकि उक्त नवीन खसरा नम्बर 97, 98, 103 के पुराने नम्बर 52 रकबा 1 बीघा 19 बिस्वा किस्म बारानी दोयम अंकित थी। मौके पर ना ही तो प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि में किसी प्रकार का कोई रास्ता अंकित है ना ही कोई स्कूल प्रार्थीगण की भूमि में स्थित है तथ्यो और वास्तविकता से परे विधि विरूद्व तरीके से सेटलमेट कर्मचारियो ने प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 97, 98, 103 में से खसरा नम्बर 98 की किस्म गै0मु0रास्ता तथा खसरा नम्बर 103 किस्म गै0मु0स्कूल अंकित कर दी है जिसका की सैटलमेंट को किसी प्रकार का कोई अधिकार नही है। अतः ग्राम बिसौरी के गत खसरा नम्बर 52 के नवीन खसरा नम्बर 97, 98, 103 की दुरूस्ती कर जमाबन्दी में पूर्वानुसार नवीन खसरा नम्बर की भूमि की किस्म दुरूस्त नक्शा कायम किया जावें। पैरोकार सरकार (तहसीलदार जमवारामगढ) ने अपनी बहस में निवेदन किया कि ग्राम बिसौरी में खसरा नम्बर 103 रकबा 0.06है0 किस्म गै0मु0स्कूल, खसरा नम्बर 97 रकबा 0.39है0 किस्म चाही 3, खसरा नम्बर 98 रकबा 0.02है0 किस्म गै0मु0रास्ता कुल किता 3 कुल रकबा 0.47है0 खातेदार देवनारायण, प्रहलाद सहाय, लालाराम, हेमपाल पुत्र नानछाराम, मीरादेवी पुत्री नान्छाराम, राजादेवी पत्नि नान्छाराम हि0 1/2 , मेवाराम पुत्र रामचन्द्र हि0 1/2 जाति गुर्जर सा0 नांगलतुलसीदास खातेदार के नाम दर्ज रिकार्ड है। हाल जमाबन्दी संवत 2075–77 में खसरा नम्बर 97, 98, 103 प्रार्थीगण के नाम खातेदारी दर्ज रिकार्ड है। जबकि नवीन खसरा नम्बर 97, 98, 103 के साबिक खसरा नम्बर 52 रकबा 1 बीघा 12 बिस्वा किस्म बारानी दोयम सेटलमेंट खतौनी संवत 2018 में दर्ज रिकार्ड है। खसरा नम्बर 97, 98, 103 मुताबिक रिकार्ड प्रार्थीगण के नाम दर्ज रिकार्ड है। खसरा नम्बर 98 मुताबिक रिकार्ड अनुसार मौके पर गै0मु0रास्ता दर्ज है। खसरा नम्बर 103 मुताबिक रिकार्ड अनुसार मौके पर गै0मु0स्कूल (रा0प्रा0विद्यालय कालाखाना) संचालित है। मुताबिक राजस्व रिकार्ड वर्तमान में जमा0 में गै0मु0रास्ता व गै0मु0 स्कूल दर्ज रिकार्ड है। पत्रावली में उपलब्ध प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र एवं जवाब पैरोकार सरकार तथा अन्य दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। अतः पत्रावली का अवलोकन करने व बहस का मनन करने पर पाया कि ग्राम बिसौरी मे स्थित खसरा नम्बर 103 रकबा 0.06है0 किस्म गै0मु0स्कूल, खसरा नम्बर 97 रकबा 0.39है0 किस्म चाही 3, खसरा नम्बर 98 रकबा 0.02है0 किस्म गै0मु0रास्ता कुल किता 3 कुल रकबा 0.47है0 भूमि दर्ज रिकार्ड है तथा खसरा नम्बर 98 मुताबिक रिकार्ड अनुसार मौके पर गै0मु0रास्ता दर्ज है। खसरा नम्बर 103 मुताबिक	

रिकार्ड अनुसार मौके पर गै0मु0स्कूल (रा0प्रा0विद्यालय कालाखाना) संचालित है। अतः ऐसी स्थिति में प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम को स्वीकार करना उचित नही समझते है। अतः प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम को खारिज किया जाता है।

निर्णय आज सरे इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद पूर्ति दाखिल दफतर हों।

उपखण्ड अधिकारी
जमवारामगढ़ जिला—जयपुर